आरोप | मानपुर एवं इंदवार क्षेत्र के ग्रामीणों में आक्रोश

# अवैध शराब का कारोबार जोरों पर




**चिल्हारी नवभारत 24 जून।** मानपुर एवं इंदवार क्षेत्र में अवैध शराब पैकारी का कारोबार धड़ल्ले से संचालित होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि शराब दुकानों से बड़ी मात्रा में शराब गांव-गांव पहुंचाई जा रही है, जिससे क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री का नेटवर्क तेजी से फैल रहा है। इसके कारण युवाओं में नशे की लत बढ़ने के साथ-साथ कानून व्यवस्था और सामाजिक वातावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि मानपुर एवं इंदवार की अधिकृत शराब दुकानों से शराब लेकर कुछ लोग विभिन्न गांवों में अधिक कीमत पर बेच रहे हैं। कई स्थानों पर शाम होते ही खुलेआम शराब की बिक्री की जाती है, जिससे महिलाओं एवं आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### युवा वर्ग नशे की गिरफ्त में आ रहा

लोगों का आरोप है कि इस अवैध कारोबार की जानकारी संबंधित विभाग को होने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। क्षेत्रवासियों के अनुसार गांवों में आसानी से शराब उपलब्ध होने के कारण युवा वर्ग नशे की गिरफ्त में आ रहा है। कई परिवार आर्थिक और सामाजिक समस्याओं से जूझ रहे हैं। महिलाओं ने भी प्रशासन से मांग की है कि गांवों में हो रही अवैध शराब बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाए और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए।

### स्थानीय नागरिकों ने की जांच की मांग

क्षेत्र के नागरिकों ने कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं आबकारी विभाग से मांग की है कि मानपुर एवं इंदवार क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर अवैध शराब पैकारी और बिक्री की जांच कराई जाए। साथ ही शराब की अवैध बिक्री में संलिप्त लोगों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में फैल रहे इस कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

## राजदीप ने हासिल की अंग्रेजी साहित्य में पीएचडी की उपाधि



**शहपुरा नवभारत 24 जून।** शिक्षा के क्षेत्र में एक और उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज करते हुए मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग में कार्यरत युवा शिक्षाविद् डॉ. राजदीप यादव को अवधेश प्रताप सिंह विश्व विद्यालय, रीवा द्वारा अंग्रेजी साहित्य विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उनकी इस सफलता से शिक्षा जगत, विवि परिवार तथा जिले में हर्ष और गौरव का माहौल है। डॉ. राजदीप पिछले 10 वर्षों से मप्र उच्च शिक्षा विभाग के विभिन्न शासकीय महाविद्यालयों में अपनी शैक्षणिक सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। डॉ. यादव, उच्च शिक्षा विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक एवं प्रतिष्ठित शिक्षाविद् प्रोफेसर आशकुमार यादव के सुपुत्र हैं। उन्होंने अपना शोध कार्य पंडित एसएन शुक्ल विवि, शहडोल के कुलसचिव एवं वरिष्ठ शिक्षाविद् प्रोफेसर आशीष तिवारी के कुशल निर्देशन में पूर्ण किया।

# रक्तदान के लिए 89 रक्तदाताओं का पंजीयन

▶ एमपीईबी हॉस्पिटल पाली में रक्तदान शिविर आयोजित



**नवभारत उमरिया 24 जून।** वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस की स्मृति में स्थानीय एमपीईबी हॉस्पिटल परिसर, पाली में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर समिति द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में युवाओं एवं महिला रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए रक्तदान कर रानी दुर्गावती के अद्वितीय साहस, त्याग एवं बलिदान को श्रद्धापूर्वक नमन किया। आयोजित रक्तदान शिविर में जिला रक्त केंद्र उमरिया की टीम द्वारा रक्त संग्रहण किया गया। शिविर का संचालन आरोग्य भारती के संयुक्त संयोजन में संपन्न हुआ, जिसमें सभी रक्तदाताओं एवं सामाजिक संगठनों की सहभागिता सराहनीय रही।

### सिविल सर्जन को किया सम्मानित

इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. केसी सोनी ने रक्तदान शिविर के सफल आयोजन हेतु बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर उनका आभार व्यक्त किया। गोंडवाना सेवा समिति, बिरसिंहपुर पाली द्वारा डॉ. केसी सोनी, सिविल सर्जन उमरिया तथा वीरेंद्र शर्मा, वरिष्ठ प्रयोगशाला तकनीशियन को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

**प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए : डॉ. सोनी**

डॉ. केसी सोनी ने बताया कि शिविर से प्राप्त रक्त का उपयोग प्राथमिकता के आधार पर सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित रोगियों, थैलेसीमिया मरीजों तथा रक्त की कमी से जूझ रही गर्भवती महिलाओं के उपचार में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 'रक्तदान महादान है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को हर तीन माह में नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान न केवल किसी जरूरतमंद को नया जीवन प्रदान करता है, बल्कि इससे हृदय रोगों के जोखिम में कमी आती है।

# बांधवगढ़ रिजर्व को मिला बेस्ट वाइल्ड लाइफ डेस्टिनेशन का राष्ट्रीय सम्मान



**चिल्हारी नवभारत 24 जून।** विंध्य की वादियों में बसे विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व ने एक बार फिर मध्यप्रदेश का गौरव बढ़ाते हुए राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

देश के प्रतिष्ठित इंडिया टुडे टूरिज्म सर्वे एंड अवॉर्ड-2026 में बांधवगढ़ को एडिटर्स चॉइस अवॉर्ड बेस्ट वाइल्ड लाइफ डेस्टिनेशन से सम्मानित किया गया है। इस उपलब्धि ने न केवल उमरिया जिले बल्कि पूरे प्रदेश को पर्यटन और वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में नई पहचान दिलाई है। गोवा में आयोजित भव्य समारोह में केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने यह सम्मान प्रदान किया। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व वर्षों से वन्यजीव प्रेमियों और प्रकृति पर्यटकों की पहली पसंद रहा है। यहां की हरियाली दुर्लभ वन्यजीव ऐतिहासिक धरोहरें और सफल संरक्षण मॉडल ने इसे वैश्विक पहचान दिलाई है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह सम्मान क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को नई गति देगा तथा स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों में वृद्धि करेगा।

# आकांक्षी विकासखंड बजाग में सिकल सेल योद्धाओं की समीक्षा बैठक आयोजित



**डिंडोरी, नवभारत 24 जून।** आकांक्षी विकासखंड बजाग में सिकल सेल एनीमिया से प्रभावित जनजातीय परिवारों के स्वास्थ्य संरक्षण एवं जागरूकता के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बजाग में सिकल सेल पीयर सपोर्ट ग्रुप की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में 19 सिकल सेल योद्धाओं ने भाग लिया, जिनमें अधिकांश 15 वर्ष से कम आयु के बैगा एवं गोंड जनजातीय परिवारों के बच्चे शामिल थे। बैठक का उद्देश्य सिकल सेल रोग से प्रभावित मरीजों को बीमारी के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें समय पर उपचार एवं स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना था। इस दौरान दो सिकल सेल योद्धाओं को गंभीर संक्रमण से बचाव के लिए पीसीवी-13 एवं पीपीएसवी-23 टीके लगाए गए।

**डॉ. विपिन राजपूत ने किया स्वास्थ्य परीक्षण**-चिकित्सा अधिकारी डॉ. विपिन राजपूत ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श एवं उपचार प्रदान किया। साथ ही सिकल सेल रोग, निर्जलीकरण के कारणों और उससे होने वाले स्वास्थ्य दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। जनजातीय क्षेत्रों में पानी एवं पोषण संबंधी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए निर्जलीकरण से बचाव के उपाय भी बताए गए।

**हीमोग्लोबिन एवं वजन की जांच भी की गई**-सभी सिकल सेल योद्धाओं की आवश्यकतानुसार सीबीसी, हीमोग्लोबिन एवं वजन की जांच भी की गई। कार्यक्रम में डॉ. विपिन राजपूत, बीपीएम लल्ला जी, सीएचओ निशा रावटे, सीएचओ राखी सगीता एवं एएनएम सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने मरीजों एवं उनके परिजनों को सिकल सेल रोग के प्रबंधन और सावधानियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

**क्षेत्र में सिकल सेल एनीमिया की समस्या अधिक है : डॉ. जैन**-डॉ. विकास जैन, एबीएम नीति आयोग ने बताया कि बजाग को नीति आयोग द्वारा आकांक्षी ब्लॉक घोषित किया गया है। क्षेत्र में बैगा जनजाति की बड़ी आबादी निवास करती है, जहां सिकल सेल एनीमिया की समस्या अपेक्षाकृत अधिक है। ऐसे में पीयर सपोर्ट ग्रुप की नियमित बैठकों के माध्यम से जनजातीय परिवारों को जागरूक कर उपचार और स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ा जा रहा है।

# गायत्री जयंती पर दीप यज्ञ का आयोजन, श्रद्धालुओं ने दी आहुति



**शहपुरा नवभारत 24 जून।** गायत्री जयंती के पावन अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार शहपुरा द्वारा स्थानीय गायत्री मंदिर परिसर में दीप यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलित कर यज्ञ में आहुति अर्पित की। इस अवसर पर गायत्री मंत्रों के सामूहिक उच्चारण एवं वैदिक विधि-विधान के साथ दीप यज्ञ संपन्न हुआ। वक्ताओं ने गायत्री महामंत्र के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गायत्री साधना व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा, आत्मबल और नैतिक मूल्यों का संचार करती है।

**गायत्री माता की आराधना की गई**-कार्यक्रम में पार्षद सुरेंद्र साहू, रामलाल रजक, गणेश रजक, प्रकाश अग्रवाल सहित गायत्री मंदिर परिवार के सदस्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने गायत्री माता की आराधना कर मानव कल्याण, सामाजिक समरसता तथा राष्ट्र की उन्नति के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया।

# स्कूल चलें हम अभियान के तहत बढ़ाया हौसला



▶ स्कूली बच्चों के बीच पहुंचीं जनपद अध्यक्ष प्रियंका आर्मो

**शहपुरा नवभारत 24 जून।** शासन के मंशानुरूप क्षेत्र में 'स्कूल चलें हम' अभियान पूरे उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रियंका आर्मो ने शासकीय अंग्रेजी माध्यम आश्रम शाला शहपुरा एवं नगर परिषद अध्यक्ष शालिनी अग्रवाल ने जनपद माध्यमिक शाला शहपुरा पहुंचकर नव प्रवेशी विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया। जनपद अध्यक्ष ने अंग्रेजी माध्यम आश्रम शाला पहुंचकर नन्हीं बालिकाओं और स्कूली बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मार्गदर्शन देते हुए अच्छी पढ़ाई करने की प्रेरणा दी।

**एकलव्य विद्यालय में 13 बच्चों के चयन पर दी बधाई**- निरीक्षण के दौरान विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता टीएलएम आर्ट बागवानी और स्वच्छता व्यवस्थाएं देखकर जनपद अध्यक्ष ने गहरी प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने विशेष रूप से इस बात की सराहना की कि इस वर्ष विद्यालय से कक्षा 5वीं के कुल 15 बच्चों में से 13 बच्चों का चयन प्रतिष्ठित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के लिए हुआ है। इस शानदार उपलब्धि पर उन्होंने पूरे विद्यालय परिवार को टॉफी खिलाकर बधाई दी। जनपद अध्यक्ष ने परिसर में स्वच्छता के उच्च स्तर और बच्चों को खेल-खेल में सिखाने के लिए तैयार किए गए आकर्षक टीएलएम (टीचिंग लर्निंग मटेरियल) की जमकर तारीफ की एवं बेहतर प्रबंधन के लिए उन्होंने शिक्षकों की पीठ थपथपाई।

**इनकी रही उपस्थिति**-कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक श्रीराम साहू, प्रतिभा मिश्रा, जनशिक्षक अश्विनी कुमार साहू, आश्रम अधीक्षिका रेखा गौलिया, शिक्षिका चंद्ररेखा श्रीवास्तव, यशोदा साहू, शीतल राय, अंशुल सोनी बीएसी लाजवंती जीवनानी अंजू नामदेव सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।



# पुलिस थाना मानपुर में शांति समिति की बैठक आयोजित

**चिल्हारी नवभारत।** पुलिस थाना मानपुर में बुधवार को मोहर्रम पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाए जाने के संबंध में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान बताया गया की 25 जून की देर रात ताजिया जुलूस निकाला जाएगा, जो इमाम चौक से लेकर मानपुर के मुख्य मार्ग होते हुए पुरानी बाजार तक ले जाया जाएगा। तत्पश्चात पुन: जुलूस इमाम चौक आएगा। 26 जून की दोपहर 2 बजे के आसपास ताजिया जुलूस इमाम चौक से लेकर पुरानी बाजार होते हुए नगर मानपुर के मुख्य मार्गों से होते हुए कर्बला तक जाएगा। थाना प्रभारी मानपुर मुकेश मार्सकोले द्वारा बताया गया कि मोहर्रम पर्व को लेकर पुलिस व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रहेगी, साथ ही नगर मानपुर के मुख्य मार्गों पर पुलिस की आवश्यक तैनाती भी रहेगी। पेयजल की व्यवस्था के लिए नगर परिषद मानपुर को भी निर्देशित किया गया है। बैठक में भाजपा नेता रामकिशोर चतुर्वेदी, सरपंच संघ के अध्यक्ष सुरेश कुमार सिंह सहित गणमान्य नागरिक, पत्रकार बंधु एवं ताजिया आयोजन समिति के लोग मौजूद रहे।

# अनाथ बच्चों के आधार कार्ड बनाने की मांग

▶ जनसुनवाई में पहुंचे 71 आवेदन, कलेक्टर ने दिए निराकरण के निर्देश




**डिंडौरी, नवभारत 24 जून।** कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित कुल 71 आवेदन प्रस्तुत किए।

जनसुनवाई में आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए कलेक्टर ने संबंधित विभागों को जांच कर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अनाथ बच्चों के आधार कार्ड बनवाने, शासकीय प्रधानमंत्री आवास योजना की शेष राशि दिलाने, खेतों के पानी निकासी मार्ग बहाल कराने, किसान क्रेडिट कार्ड ऋण, पेयजल उपलब्ध कराने, तथा भूमि विवादों सहित विभिन्न समस्याओं से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए।

**शिक्षा से जोड़ने हेतु सहायता की जाए**-ग्राम शाहपुर निवासी दुर्गा नामदेव ने अपने संरक्षण में रह रहे बेसहारा बच्चों शौर्य एवं अष्टिका के आधार कार्ड बनवाने और उन्हें शिक्षा से जोड़ने हेतु सहायता की मांग रखी। नगर परिषद डिंडौरी क्षेत्र की एक हितग्राही ने प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृत शेष राशि नहीं मिलने की शिकायत दर्ज कराई।

**अवरुद्ध मार्ग बहाल करने की मांग**-ग्राम भाजीटोला माल निवासी बिहारी सिंह ने खेत के पानी निकासी मार्ग को पड़ोसी किसानों द्वारा अवरुद्ध किए जाने की शिकायत करते हुए मार्ग बहाल कराने की मांग की। किसान राधेश्याम पाराशर ने किसान क्रेडिट कार्ड ऋण की पूर्ण अदायगी के बाद भी ब्याज राशि मांगे जाने की शिकायत की।



# रैली निकालकर दिलाई जाएगी शपथ

▶ नशामुक्ति अभियान को सफल बनाने अधिकारियों को दिए निर्देश

**डिंडौरी, नवभारत 24 जून।** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिले में नशामुक्ति अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में बताया गया कि 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशामुक्ति दिवस के अवसर पर जिले के गांवों एवं नगरीय क्षेत्रों में रैली निकालकर नागरिकों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई जाएगी। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि 1 जुलाई से नशामुक्ति अभियान प्रारंभ किया जाएगा, जिसमें सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी सक्रिय रूप से शामिल होंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभियान संबंधी रैली एवं कार्यक्रमों में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध नोटिस जारी किया जाएगा।

**15 जुलाई से विशेष अभियान चलाया जाएगा**-बैठक में बताया गया कि 15 जुलाई से 31 जुलाई तक विशेष नशामुक्ति जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान जिले के सभी विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में रैली, रंगोली, वॉल पेंटिंग, संगोष्ठी एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों एवं आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जाएगा।

**नर्मदा डैम घाट पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा**-कलेक्टर के निर्देशानुसार आगामी रविवार को नर्मदा डैम घाट पर विशेष नशामुक्ति जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बैठक में साइबर सुरक्षा विषय पर भी चर्चा की गई तथा निर्देश दिए गए कि सभी स्कूलों एवं कॉलेजों में अलग-अलग तिथियों पर साइबर सुरक्षा संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को ऑनलाइन सुरक्षा के बारे में जानकारी दी जाए।

**पॉक्सो एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन पर की गई चर्चा**-बैठक में पॉक्सो एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जनजागरूकता पर भी चर्चा की गई। साथ ही विस्फोटक अधिनियम के तहत छोटे दुकानों एवं घरों में अवैध रूप से रखे गए विस्फोटक पदार्थों की जांच करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

अभियान | कलेक्टर एवं एसपी ने दिखाई साइबर जागरूकता रथ को हरी झंडी, लोगों को किया जाएगा जागरूक

# साइबर अपराध के खिलाफ सेफ क्लिक 2 .0 अभियान का हुआ आगाज




**शहपुरा नवभारत।** साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण और आमजन को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा प्रदेशव्यापी 'सेफ क्लिक 2.0' अभियान संचालित किया जा रहा है।

इसी क्रम में डिंडौरी जिले में अभियान का शुभारंभ कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया एवं पुलिस अधीक्षक आशीष खरे की उपस्थिति में साइबर जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह जागरूकता रथ जिले के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को साइबर अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी देगा।

### पुलिस अधिकारियों ने लाइव प्रसारण देखा व सुना

अभियान के तहत जिले भर में साइबर सुरक्षा संबंधी गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में शहपुरा थाना परिसर में साइबर सुरक्षा विषयक लाइव प्रसारण का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी अनुराग जामदार की उपस्थिति में बिछिया चौकी प्रभारी राजेशधर दुबे सहित शहपुरा थाना एवं बिछिया चौकी के समस्त पुलिस अधिकारियों एवं जवानों ने लाइव प्रसारण को ध्यानपूर्वक सुना।

### बचाव के उपायों की दी गई जानकारी

लाइव प्रसारण के दौरान साइबर अपराधों के नए-नए तरीकों, ऑनलाइन ठगी के बढ़ते मामलों तथा उनसे बचाव के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि साइबर अपराधी फर्जी कॉल, मैसेज, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, ऑनलाइन शॉपिंग वेबसाइट, बैंकिंग ऐप और अन्य डिजिटल माध्यमों का उपयोग कर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। ऐसे में प्रत्येक नागरिक को सतर्क और जागरूक रहने की आवश्यकता है।

### किसी से भी ओटीपी अथवा पासवर्ड साझा नहीं करें

कार्यक्रम में पुलिस जवानों को बताया गया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपनी व्यक्तिगत जानकारी, बैंक खाते का विवरण, एटीएम कार्ड नंबर, सीवीवी, ओटीपी अथवा पासवर्ड साझा नही करें। सोशल मीडिया पर अनजान लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार करने से पहले उनकी सत्यता की जांच करें तथा किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें।

### समय-समय पर पासवर्ड बदलने की दी सलाह

इसके अलावा मजबूत पासवर्ड रखने, समय-समय पर पासवर्ड बदलने और टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन का उपयोग करने की सलाह भी दी गई। महिलाओं और युवाओं को विशेष रूप से सोशल मीडिया, ऑनलाइन गेमिंग, फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट, डिजिटल अरेस्ट, साइबर ब्लैकमेलिंग एवं ऑनलाइन फ्रॉड जैसे अपराधों से सावधान रहने के लिए जागरूक किया गया।

### संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें

प्रसारण में बताया गया कि साइबर अपराधी अक्सर लालच, डर या भावनात्मक दबाव का सहारा लेकर लोगों को अपने जाल में फंसाने का प्रयास करते हैं, इसलिए किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देना आवश्यक है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि साइबर अपराधों की रोकथाम केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जागरूकता भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

## साइबर जागरूकता रथ देगा सुरक्षा का संदेश, डिण्डौरी में कलेक्टर द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना




**डिंडोरी, नवभारत 24 जून।** पुलिस महानिदेशक, मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा राज्य स्तरीय साइबर अपराधों की रोकथाम एवं जनजागरूकता हेतु 24 जून से 8 जुलाई तक संपूर्ण प्रदेश में साइबर जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है।

अभियान का राज्य स्तरीय शुभारंभ मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन एवं पुलिस महानिदेशक, मध्यप्रदेश द्वारा यूट्यूब वेबकास्ट के माध्यम से किया गया। कलेक्टर अंजु पवन भदौरिया एवं पुलिस अधीक्षक आशीष खरे की उपस्थिति में साइबर जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से आमजन को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया।

### सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने की दी सलाह

इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों द्वारा साइबर अपराधों से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। नागरिकों को ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी लिंक, फिशिंग, डिजिटल अरेस्ट, ओटीपी एवं बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा नहीं करने, सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने तथा किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराने हेतु जागरूक किया गया।

### साइबर धोखाधड़ी के तरीकों की दी गई जानकारी

अधिकारियों द्वारा वर्तमान में प्रचलित विभिन्न साइबर धोखाधड़ी के तरीकों के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी गई। अभयान के दौरान जिले के शैक्षणिक संस्थानों, सार्वजनिक स्थलों, बाजारों, ग्राम पंचायतों एवं अन्य प्रमुख स्थानों पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान का उद्देश्य नागरिकों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक कर अपराधों की रोकथाम में जनसहभागिता सुनिश्चित करना है।